# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

24 मई 2024, शुक्रवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा झारखंड के जामताड़ा और मधुपुर में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**कांग्रेस और जेएमएम के लिए झारखंड सिर्फ वोटबैंक, लैंडबैंक और भ्रष्टाचार का एटीएम है**

****************

**हेमंत सोरेन और कांग्रेस के बीच करप्शन का कंपटीशन चल रहा है**

****************

**मोदी जी ने झारखंड से नक्सलवाद को समाप्त कर शांति स्थापित की**

****************

**जब तक भाजपा है, कोई भी वंचित और आदिवासी समाज का आरक्षण नहीं ले सकता**

****************

**भाजपा मुस्लिम आरक्षण को रद्द कर, आदिवासी और वंचित समाज को उनका अधिकार वापस दिलाएगी**

****************

**मोदी जी ने एक ही दिन में पूरे देश में रेड करके PFI के 1000 कैडर को जेल में भेजा**

****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने झारखंड के जामताड़ा और मधुपुर की जनसभाओं को संबोधित करते हुए जेएमएम सरकार और इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचार पर जमकर निशाना साधा और विगत 10 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर झारखंड भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबू लाल मरांडी, दुमका से लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती सीता सोरेन, गोड्डा से लोकसभा प्रत्याशी श्री निशिकांत दुबे सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि **5 चरणों के चुनाव में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 310 सीटों पर विजयी हो चुके हैं और आगामी 2 चरणों में 400 पार करने वाले हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़ों सहित सबको साथ लेकर विकास यात्रा की शुरुआत की। आजादी के 70 साल बाद भगवान बिरसा मुंडा जी की कुटिया पर जाने वाले पहले प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बड़ी-बड़ी योजनाओं की शुरुआत झारखंड की धरती से ही की है। आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना और जन मन योजना की शुरुआत झारखंड से ही की गई है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि जब तक झारखंड का विकास नहीं होगा तब तक देश विकसित नहीं हो सकता है। **झारखंड आंदोलन के सेनानी दुर्गा सोरेन की पत्नी को अब तक न्याय नहीं मिला है। हेमंत सोरेन ने सीता सोरेन के साथ न्याय नहीं किया मगर भारतीय जनता पार्टी उनका सम्मान भी करेगी और उन्हें न्याय भी दिलाएगी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता श्रद्धेय अटल बिहार वाजपेयी जी झारखंड राज्य के सपने को पूरा करने का कार्य किया। भारतीय जनता पार्टी झारखंड राज्य के स्वप्न को साकार करने वाली है और भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड बनाने वाली है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस चुनाव में **एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले घोटाले करने वाला इंडी गठबंधन हैं और दूसरी ओर 23 साल से संवैधानिक पद पर रहने का बाद भी जिसपर 25 पैसे का आरोप नहीं है, ऐसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। राहुल गांधी 4 जून को चुनाव हारने के बाद, 6 जून को विदेश में छुट्टी मनाने चले जाएंगे। एक ओर गर्मी बढ़ते ही विदेश जाने वाली राहुल गांधी एंड कंपनी है और दूसरी ओर 23 साल से एक भी छुट्टी लिए बिना देश के लिए काम करने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। अपने परिवार की चिंता करने वाले देश का भला नहीं कर सकते हैं। देश का भला और विकास केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं। 140 करोड़ देशवासी ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का परिवार है।**

श्री शाह ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि **झारखंड की जनता कांग्रेस के लिए एक वोटबैंक, प्रॉपर्टी और भ्रष्टाचार का एटीएम है। जिस कांग्रेस पार्टी ने झारखंड में वर्षों तक विकास को रोक कर रखा, आज हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनने के लिए उसी कांग्रेस पार्टी की गोदी में बैठकर झारखंड की जनता के साथ अन्याय कर रहे हैं।** आदिवासी और संथालों का कल्याण भारतीय जनता पार्टी ने किया है। श्री अटल जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया और बाबूलाल मरांडी जी को पहला संथाली मुख्यमंत्री बनाया। भाजपा सरकार ने संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया है। आगामी 15 नवंबर 2025 को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई जाएगी और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। 10 वर्षों तक सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार थी, आदिवासियों के लिए बजट 25 हजार करोड़ था लेकिन मोदी जी ने 10 साल में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए करने का कार्य किया है। कांग्रेस पार्टी ने 70 साल से राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरे कार्यकाल में केस का निर्णय भी आया, भूमि पूजन भी हुआ और जनवरी में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी गई।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के परमाणु बम का डर दिखाकर, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को ताक पर रखने की बात करते हैं, लेकिन भाजपा पाकिस्तान के परमाणु बम से डरने वाली नहीं है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।** कांग्रेस ने धारा 370 को वर्षों तक संभाल कर रखा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर, जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का कार्य कार्य किया। **राहुल गांधी का कहना था कि धारा 370 को समाप्त कर देंगे तो देश में खून कि नदियां बह जाएंगी लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में खून की नदियां छोड़िए, किसी में कंकड़ मारने का भी साहस नहीं है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से आतंकवाद को खत्म किया और सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद पर प्रहार किया है। **पीएफआई ने झारखंड को अपना अड्डा बनाया था, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पीएफआई 1000 सदस्यों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम किया। हेमंत सोरेन और कांग्रेस पिछड़े, दलित और आदिवासियों के आरक्षण पर डाका डालकर अपने वोटबैंक को देना चाहते हैं। कांग्रेस ने मुसलमानों को कर्नाटक में 5% और हैदराबाद में 4% आरक्षण दिया। ममता बनर्जी ने बंगाल में अनधिकृत तरह से 180 जातियों को पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित करने का प्रयास किया। भारतीय जनता पार्टी के रहते दलित, पिछड़ो और आदिवासियों के आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता है। भाजपा विशेष वर्ग को दिए गए आरक्षण को रद्द करेगी।**

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने का काम भी किया है।** मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए ढेर सारी योजनाओं की शुरुआत की है। विगत 10 वर्ष में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ से ज्यादा देश की जनता को प्रति माह 5 किलो मुफ्त अनाज 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय, 4 करोड़ लोगों को घर, 10 करोड़ माताओं को उज्ज्वला का गैस कनेक्शन और 14 करोड़ गरीबों को नल से जल देने का कार्य किया है। इन सभी योजनाओं का सबसे अधिक लाभ आदिवासी लोगों को हुआ है। **यहां पर घुसपैठ का मुद्दा आदिवासियों के लिए बहुत बड़ा प्रश्न है। कांग्रेस, हेमंत सोरेन और अभी-अभी पकड़े गए उनके मंत्री ने झारखंड में घुसपैठ कराकर आदिवासियों के खिलाफ लव जिहाद, लैंड जिहाद और फॉरेस्ट**

**जिहाद कराने का काम किया है।** झारखंड के आदिवासी भाई-बहनों से अपील करते हुए श्री शाह ने कहा कि आप सभी **ऐसी सरकार चुनिए, जो घुसपैठ पर लगाम लगाए और अगर घुसपैठ न रोकी गई, तो आदिवासियों की जमीन और जंगल दोनों खतरे में पड़ जाएंगे। मोदी सरकार ने धर्मांतरण पर भी रोक लगाने का काम किया है। कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए की नकदी बरामद हुई और झारखंड सरकार के मंत्री के आवास से 35 करोड़ रुपए जब्त किए गए। झामुमो ने 1 हजार करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला, 300 करोड़ का जमीन घोटाला, 1 हजार करोड़ रुपए का खनन घोटाला और 40 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया। हेमंत सोरेन और कांग्रेस के बीच में भ्रष्टाचार का मुकाबला चल रहा है। विपक्ष के लोग आरोप लगाते हैं कि उन्हें जबरदस्ती जेल में डाला गया है लेकिन न्यायालय ने भी उनकी अर्जी को खारिज कर दिया है। झारखंड में पशु तस्करी भी बड़े स्तर पर हो रही है। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद असम की तरह यहां की पशु तस्करी भी बिल्कुल खत्म कर दी जाएगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से भरपूर राज्य है और श्री निशिकान्त दुबे ने कोयला खदान और पावर प्लांट खोलने के लिए बहुत मेहनत की है। इसके साथ ही सीमेन्ट प्लांट भी शुरू होने वाला है। औद्योगिक विकास, शैक्षणिक विकास और स्वास्थ क्षेत्र के विकास के लिए कनेक्टिविटी बहुत जरूरी है, इसके लिए देवधर में हवाईअड्डा बनाया गया, रेलवे का विकास किया गया, देवधर-गोड्डा राजमार्ग का निर्माण किया गया, साहिबगंज-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया गया। हेमंत सोरेन की सरकार ने भाजपा सरकार की डाकिया योजना बंद कर दी, जिससे दुर्गम क्षेत्र के आदिवासी बच्चों की बीमारियों से मृत्यु हो गई लेकिन कोई मंत्री सुनवाई के लिए तैयार नहीं था। झारखंड में लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षा के टेन्डर ब्लैक लिस्टिड कंपनियों को दिए गए और करोड़ों-अरबों का भ्रष्टाचार करने का कार्य जेएमएम सरकार ने किया।

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने झारखंड में 2024 में फर्टिलायजर प्लांट का आरंभ किया, 7500 करोड़ की लागत से सुपर थर्मल पावर प्लांट की शुरुआत की, 1750 करोड़ की लागत से गोड्डा-डुमका क्षेत्र में एचपीसीएल का आरंभ किया जिसका लाभ 14 लाख से से अधिक घरों को मिलने जा रहा है। 2000 तीर्थ यात्रियों की क्षमता का तीर्थ मंडली हाल बनाया गया, बिरसा मुंडा पार्क बनाया गया, 3 नई वंदे भारत चलाई जा रही हैं और 10 हजार करोड़ की लागत से रोड बनाने का काम चल रहा है। मेडिकल कॉलेज शुरू किया गया, 2000 करोड़ से देवधर में रिंगरोड का निर्माण, 1000 करोड़ की लागत से फोर लेन रोड की मंजूरी दी गई। इसके साथ ही 13 लाख 50 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 5 लाख एलपीजी गैस कनेक्शन माताओं को दिए गए, 3 लाख 50 हजार गरीबों के घर में नल से जल पहुंचाया गया, 1 लाख 75 हजार घरी में बिजली पहुंचाई गई और 2 लाख लोगों को घर देने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी को निशुल्क टीका लगा कर कोरोना के महामारी से बचने का काम किया है। महामारी के समय राहुल जनता को टीके पर गुमराह करके, ओछी राजनीति का परिचय दिया था। इंडी गठबंधन वालों के पास न नेता है न नीयत है ना ही नीति है। इंडी गठबंधन के नेता से एक पत्रकार ने पूछा आपके प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है, तो उन्होंने कहा कि हर साल बारी बारी सब प्रधानमंत्री बन जाएंगे। पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब, कोरोना महामारी से बचाव, आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया, G20 जैसे अंतराष्ट्रीय सम्मेलन से देश के गौरव को बढ़ाना, चन्द्रमा पर त्रिंगा फहराना और स्टार्टअप में बढ़ोतरी केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते है। यह मोदी-मोदी का नारा इस बार भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और महान भारत बनाने का काम करने वाला है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने दुमका में एम्स और मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया, ग्रामीण सड़क योजना के तहत 1700 किलोमीटर रोड का निर्माण किया, दुमका लोकसभा में 2 लाख 76 हजार लोगों को आवास प्रदान किया, 11 लाख 56 हजार लोगों को आयुष्मान भारत के तहत निशुल्क इलाज, 4 लाख 60 हजार लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किए और 3 लाख 23 हजार घरों में नल से जल पहुंचाया है। श्री अमित शाह ने दुमका लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती सीता सोरेन को प्रचंड मतों से विजयी बनाकर देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

********************